# नीमकाथाना को जिला बनाए जाने पर खेतड़ी को नहीं होने दिया जाएगा शामिल



खेतड़ी पंचायत समिति सभागार में उपखंड स्तरीय साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया।

**खेतड़ी,** (निसं)। पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को उपखंड स्तरीय साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नीमकाथाना को जिला बनाए जाने को लेकर खेतड़ी को नहीं शामिल नहीं होने को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया। वहीं खेतड़ी को जिला बनाए जाने की मांग की गई। बैठक के मुख्य अतिथि सीएम सलाहकार व खेतड़ी विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह रहे। जबकि अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान मनीषा गुर्जर ने की।

उपखंड स्तरीय बैठक के दौरान जिला परिषद सदस्य उम्मेदसिंह निर्वाण ने मुद्दा उठाते हुए बताया कि गागड़वास में काफी समय पूर्व बनी पेयजल की टंकी जर्जर हो चुकी है। उसको हटाया जाए। पांच वर्ष पूर्व जलदाय विभाग द्वारा काटी गई पेयजल लाइन को वापस जोड़ने की मांग की। इस दौरान नानूवाली बावड़ी में नगर पालिका द्वारा बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को पंचायत क्षेत्र में नहीं बनाने की मांग की गई तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा विरोध करने पर राजकार्य बाधा के मुकदमे लगाकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। जो लगाए गए मुकदमे वापस लिए जाएं। इसके अलावा संजय नगर सरपंच ने अवैध खनन का मुद्दा उठाते हुए बताया कि संजय नगर पंचायत क्षेत्र में सुप्रीम कोर्ट के नियमों की अवहेलना कर भारी मात्रा में अवैध खनन किया जा रहा है। अधिकारियों की मिलीभगत के कारण सैंकड़ों ओवरलोड डंपर पत्थरों से भरकर निकलते हैं। जिसके चलते ठाामीण क्षेत्र की सभी सड़कें टूट चुकी है। इसलिए अवैध खनन को बंद कर टूट गई सड़कें को बनाने की मांग की गई। जिस पर पुलिस विभाग को अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए प्रस्तावित नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग का मुद्दा भी उठाया गया। जिस पर सर्वसम्मति से खेतड़ी को नीमकाथाना में सम्मिलित नहीं किए जाने की प्रस्ताव लिया गया।

साधारण सभा की बैठक के बाद सीएम सलाहकार डॉ. जितेंद्र सिंह, पूर्व विधायक हजारीलाल गुर्जर, पंचायत समिति प्रधान मनीषा गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधायक निधि कोष से दिव्यांग जनों को छह स्कूटी वितरित की। इस दौरान विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि खेतड़ी पूर्व में एक रियासत रही हुई है। जिसके अधीन कोटपूतली, चूड़ी अजीतगढ़ व खेतड़ी का क्षेत्र आता था। लेकिन आज इसे नीमकाथाना में शामिल करने की चर्चा की जा रही है। जिसका पुरजोर तरीके से विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सीएम से मिलकर खेतड़ी को जिला बनाने की मांग की जाएगी। इस दौरान बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए समस्याओं को लेकर उपखंड स्तरीय अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में गोठड़ा सरपंच सरती देवी ने बताया कि गोठड़ा ग्रामीण क्षेत्र आता है। लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में गोठड़ा नाम के आगे सिटी लगा हुआ है। जिसके चलते गरीब परिवारों का श्रमिक कार्ड बनाने में परेशानी आ रही है तथा उन्हें योजना का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। जिस पर एसडीएम ने जल्द ही प्रस्ताव बनाकर आवश्यक समाधान करने के निर्देश दिए।

■ उपखंड स्तरीय बैठक में विधायक व जनप्रतिनिधियों ने की खेतड़ी को जिला बनाने की मांग

## डॉ. कुलदीपसिंह महरोक का अभिनंदन

**चूरू,** (कासं)। अंबेडकर चिकित्सा संघ चूरू द्वारा जिला नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र चूरू के प्रिन्सिपल बनने पर डॉ कुलदीप सिंह महरोक का माल्यार्पण करके एवं मोमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी रेंवतमल माहिच ने डॉ. महरोक के प्रिन्सिपल बनने पर कहा कि इनके प्रिन्सिपल बनने से नर्सिंग क्षेत्र में निरंतर प्रगति होगी। संघ के नर्सिंग अधिकारी विनोद माहिचा ने बताया कि डॉ कुलदीप सिंह महरोक का निरंतर नर्सिंग क्षेत्र में सराहनीय योगदान रहा है। इन्होंने सी एच ओ के लिए बीपीसीसीसीएचएन कोर्स के लिए ट्रेनिंग सेंटर एवं जिले के प्राइवेट जीएनएम नर्सिंग सेंटर की परीक्षा हेतु परीक्षा सेंटर एएनएम ट्रेनिंग सेंटर चूरू में लाने के लिए अथक प्रयास किया है, जिसका ही परिणाम है की सी एच ओ प्रशिक्षण एवं जीएनएम परीक्षा एएनएम ट्रेनिंग सेंटर चूरू द्वारा करवाई जा रही है। साथ ही परीक्षा सेंटर एवं नर्सिंग कॉलेज के लिए लिए भी प्रिंसिपल डॉ. महरोक एवं राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग जयपुर के प्रिंसिपल डॉ. जोगेंद्र शर्मा एवं इनकी टीम की भी नर्सिंग कॉलेज चूरू के लिए अहम भूमिका रही है।

## तीन दिन से हो रही रिमझिम बारिश, फसल बुवाई में देरी

**खेतड़ी,** (निसं)। पिछले तीन दिन से हो रही लगातार रिमझिम बारिश के कारण फसल बुवाई में देरी हो रही है। जिसको लेकर किसान मायूस नजर आ रहे हैं। वहीं आगामी फसल को लेकर कृषि विभाग ने बीज का वितरण शुरू कर दिया है तथा प्रत्येक पंचायत में सरसों के किट वितरित करने का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है।

सहायक कृषि अधिकारी बनवारीलाल सैनी ने बताया कि आगामी फसल के लिए सरसों के बीज का वितरण शुरू कर दिया गया है। खेतड़ी ब्लॉक की 1200 हेक्टेयर भूमि में सरसों की बिजाई की जाएगी। जिसके लिए 2400 मिनी कीट तैयार कर किसानों को वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि खेतड़ी ब्लॉक में 48 क्विंटल सरसों का बीज आया है। प्रत्येक पंचायत पर 50 मिनी कीट वितरित किए जाएंगे। हर 13 पंचायत पर एक सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है। जिसके तहत प्रत्येक सुपरवाइजर को छह सौ किट वितरण के लिए दिए जाएंगे। सरकार की ओर से किसान साथी ऑनलॉइन पोर्टल शुरू किया है। जिस पर किसान की आईडी अपलोड करने के बाद जन आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी दिया जाएगा। फोन पर मिलने वाले ओटीपी को कंप्यूटर में दर्ज करने के बाद प्रत्येक किसान को दस बीघा भूमि के लिए बीज संबंधित सामान्य उपलब्ध करवाया जाएगा। सैनी ने बताया कि एक हेक्टेयर के लिए प्रति किसान को चार किलो बीज वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोपरेटिव सोसायटी द्वारा काम नहीं करने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सोसायटी को खाद व अन्य सामग्री वितरण करने के लिए लाइसेंस बनवाना पड़ता है। जसरापुर में बनी सोसाइटी का लाइसेंस तो बना हुआ है। लेकिन उसको रिन्यू नहीं करवाया गया। इसे जल्द ही रिन्यू कर सोसाइटी के माध्यम से खाद बीज व अन्य सामग्रियों का वितरण भी करवाया जाएगा। कृषि अधिकारी सैनी ने बताया कि अभी कई जगहों पर बाजरे की फसल खड़ी हुई है। मौसम में नमी होने के कारण बाजरे की फसल खराब हो रही है। वहीं आगामी फसल की बिजाई के लिए देरी भी हो रही है। अबकी बार बरसात अच्छी होने से सरसों व चने की फसल पर ज्यादा जोर रहेगा और लगातार तीन दिन से चल रही बारिश से आगामी फसल को काफी फायदा मिलेगा।

# गजेंद्र सिंह शेखावत ने शहीद राहुल जांगिड़ की मूर्ति का अनावरण किया



दीनवा बस स्टैंड पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शहीद राहुल जांगिड़ प्रतिमा का अनावरण किया।


**मंडावा,** (निसं)। मुकुंदगढ़ मार्ग पर दीनवा बस स्टैंड पर शहीद राहुल जांगिड़ प्रतिमा का अनावरण समारोह मंगलवार को आयोजित हुआ। शहीद प्रतिमा अनावरण समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत थे। अध्यक्षता झुंझुनूं सांसद नरेंद्र कुमार ने की।

विशिष्ट अतिथि सैनिक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि, सूरजगढ़ विधायक सुभाष पूनियां, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, अंगद देव सिंह मंडावा, उदयपुरवाटी पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा नेता धर्मपाल गुर्जर, चिड़ावा पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, पूर्व प्रधान सुशीला सीगड़ा, भाजपा नेता राजेंद्र भामू, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, अलसीसर पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़, चूड़ी अजीतगढ़ सरपंच मुन्नी देवी, उप सरपंच मंजू कंवर थे। अतिथियों ने शहीद जांगिड़ की प्रतिमा का अनावरण किया। शहीद के माता पिता दयानंद जांगिड़ व कमला देवी सहित क्षेत्र के शहीद परिजनों का शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में जय श्री भजन पार्टी जयपुर द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में सांसद नरेंद्र कुमार ने कहा कि जिले को ट्रेन की एक और बहुत बड़ी सौगात केंद्रीय जल शक्ति मंत्री द्वारा मिली है जो मेरी मांग पर जल्द शुरू होने वाली है। यह ट्रेन जोधपुर से रींगस, सीकर, झुंझुनूं होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। जिसे यहां के सैनिकों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। साथ ही सांसद ने कहा कि शहीद के परिजनों का सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। वहीं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे शहीद जांगिड़ की प्रतिमा का अनावरण करने का मौका मिला। इस जिले के सैनिक सीमाओं पर तैनात होकर देश की रक्षा कर रहे हैं। जिनके कारण आप हम सब सुरक्षित है। साथ ही शेखावत ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत केंद्र से 27 हजार करोड़ का बजट राजस्थान के लिए मंजूर करवाया तथा जिस गति से इस योजना पर काम होना चाहिए। वह राजस्थान सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। जो कि हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है तथा सरकार ने आज तक इसके लिए 4 हजार करोड़ तक भी खर्च नहीं किए हैं ना सरकार टेंडर कर पा रही है एवं ना काम किया जा रहा है।

## कार की टक्कर से दो घायल

**सादुलपुर,** (निसं)। खेत में कार्य कर अपने साथी का इंतजार कर रहे सडक किनारें खडे दो व्यक्तियों को कार चालक द्वारा कार को गलत दिशा में लाकर टक्कर मारने से गंभीर घायल कर देने के आरोप का मामला राजगढ थाने में दर्ज करवाया गया है। राजगढ थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया कि सतीश पुत्र रामेश्वरलाल जाति रैगर निवासी वार्ड नं 35 राजगढ (चूरू) ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि ०9 अक्टूबर को परिवार में चाचा बाबुलाल पुत्र गणेशाराम व उसके ताऊ का लडका कुरडा राम पुत्र नानूराम जो खेत में कार्य करके गुरूद्वारा के पास एन.एच. 52 गुलपुरा रोड के पास उसका इंतजार कर रहे थे। तथा वह उनको लाने के लिए वहां गया था। तभी उसने अपनी मोटरसाईकिल को रोक दिया तथा सडक किनारे सही दिशा में खडे थे। उसी दौरान एक कार के चालक ने तेजगति व लापरवाही से कार को चलाकर मोटरसाईकिल के पास खडे कुरडाराम व बाबुलाल को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को गंभीर चोटे आई तथा मोटरसाईकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। तथा कार चालक दुघर्टना के बाद अपनी कार को लेकर भाग गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# विभिन्न मांगों को लेकर चार दिन की हड़ताल पर एलआईसी अभिकर्ता



शाखा के सभी अभिकर्ताओं ने प्रदर्शन व नारेबाजी का कार्यक्रम किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता यूनियन एलआईएएफआई के अभिकर्ता देश भर में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार से चार दिन की हड़ताल पर रहे। मुख्य शाखा झुंझुनूं के सामने सुबह 9.30 से शाम 5 बजे तक हड़ताल पर रहे। शाखा के सभी अभिकर्ताओं ने प्रदर्शन व नारेबाजी का कार्यक्रम किया। मंगलवार को नो बीओसी कॉल के तहत अभिकर्ताओं द्वारा शाखा में कोई भी काम नहीं किया गया।

सभी अभिकर्ता साथी मुख्य शाखा झुंझुनूं, सीएलआईए शाखा झुंझुनूं, उदयपुरवाटी शाखा व नवलगढ़ शाखा के सामने सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शाखा के सामने धरने पर रहे। कार्यक्रम को झुंझुनूं शाखा के अध्यक्ष राजकुमार ढाका व सचिव जगदीश सिंह नांद ने संबोधित किया। इस अवसर पर संरक्षक जुगल किशोर मोदी, कोषाध्यक्ष रतनलाल शर्मा, बृजलाल जांगिड़, राजकृष्ण सिंह, नरेंद्र सिंह भैड़ा, सुभाष चाहर, दिलीप सैनी, कैलाशचंद्र शर्मा, पवन कुमार सैनी, प्रमोद चोटिया, सुरेंद्र कुमार, सुभाष कुमावत, ओमप्रकाश बलौदा, सुरेंद्र हलवाई, पवन कुमार सैनी, बहादुरमल स्वामी, सीताराम सैनी, हंसराज, हरिसिंह महला, मातादीन, राजेश बसेरा, रियाजत अली, हरिश्चंद्र शूरा, रघुनाथप्रसाद पोदार, किशोर कुमार, अशोक शर्मा, जितेंद्र कूलहरि, कैलाशचंद्र शर्मा, सुरेश कुमार महला, अनिल जगनानी, विमलेश महला, प्रेमसिंह, चंदनसिंह, अमरचंद, जगदीश सिंह, रामावतार सहित सैंकड़ों अभिकर्ता साथी उपस्थित रहे।

## वृद्ध चरवाहे के साथ मारपीट का आरोप

**सादुलपुर,** (निसं)। अपने खेत में बकरिया चराकर घर आ रहे वृद्ध चरवाहे से मारपीट करने के आरोप का मामला राजगढ थाने में दर्ज करवाया गया है। राजगढ थाने में दर्ज प्रकरण के अनुसार नरेश नायक निवासी लुदी झाबर तहसील राजगढ ने मामला दर्ज करवाया कि उसके दादा सुरजाराम उनके गाँव के ही विजेन्द्र नायक के पैसे माँगते हैं तथा 10 अक्टूबर को उसके दादा ने आरोपी विजेन्द्र से पैसे माँग लिये, जिससे विजेन्द्र नाराज हो गया। उसी दिन शाम को उसके दादा अपनी बकरिया चराकर अपने घर आ रहे थे। जैसे ही वे विजेन्द्र के घर के आगे से निकले तो पूर्व से सुनियोति योजना से विजेन्द्र पुत्र जगदीश, भंवरसिंह, महेन्द्र सिंह पुत्रगण पालाराम नायक निवासीगण लुदी खुबा अपने हाथो में लाठिया, जेलिया, कुल्हाडी व बिन्डे लिये खडे थे तथा उसके दादा को रोककर जान से मारने की नियत से कुल्हाडी, जेलिया व लाठियों से हमला कर दिया, जिससे उसके दादा के सीर में गहरी चोटे आई तथा उसके दादा सुरजाराम के खून बहने लगा व घायल हो गये। घटना के बाद उसे सरकारी अस्पताल राजगढ में भर्ती करवाया गया, जहाँ उनकी हालात गंभीर होने के कारण उसे रैफर कर दिया गया, जहाँ चूरू अस्पताल में उनका उपचार जारी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# 14 लाख 21 हजार 900 रुपये का अवॉर्ड पारित

**सादुलपुर,** (निसं)। अपर जिला एवं सेशन जज प्रथम दीपक पराशर ने विधुत करंट से मृत्यु के क्लेम मामले में मृतक के वारिसान के हक में चौदह लाख रुपयो से अधिक का अवॉर्ड पारित किया है।

प्रार्थीगण की तरफ से पैरवी कर रहे एडवोकेट प्रीतम शर्मा व भंवरलाल पूनिया एडवोकेट ने बताया कि प्रकरण के अनुसार 18 मई 2018 को राजकुमार जाट निवासी भैंसली अपने खेत में फव्वारा की पाइपलाइन बदल रहा था, उसके खेत में से विद्युत की 11 के.वी. की लाइन जा रही है। विद्युत लाइन के इंसुलेटर टूटने के कारण विद्युत तार, पाइप लाइन के नोजल से टच हो जाने के कारण राजकुमार के करंट लग गया, तथा करंट से राजकुमार जल गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सक ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया।

■ विद्युत करंट से मौत होने का मामला

मृतक राजकुमार के वारिसों पत्नी, बच्चों, माता-पिता ने राजगढ की अदालत में क्लेम याचिका पेश की थी।

इस पर विद्वान पीठासीन अधिकारी पाराशर ने अपने निर्णय में राजकुमार की मृत्यु विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण मानते हुए विद्युत विभाग को क्षतिपूर्ति के लिए उत्तरदायी माना एवं मृतक की वर्तमान व भविष्य की आय की हानि सहित अन्य मदों में मृतक राजकुमार के वारिसान के हक में 14,21,900 रुपये का अवार्ड पारित किया है। साथ ही में उक्त राशि पर अदायगी की तिथि तक 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज राशि की अदायगी के आदेश भी विधुत विभाग को दिए हैं। प्रार्थीगण की तरफ से एडवोकेट प्रीतम शर्मा व भंवरलाल पूनिया एडवोकेट ने पैरवी की।

## चूरू शहर में तीन नमूने लिये

**चूरू,** (कासं)। शुद्ध के लिए युद्ध अभियान में जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा टीम ने मंगलवार को 3 नमूने लिये। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि 11 अक्टूबर 2022 को 3 नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया व विनोद थारवान ने बताया कि चूरू शहर में ओमप्रकाश सपड़ की फर्म पवन कुमार सफड़ से मसाले व पापड़ के दो नमूने लिए गए हैं। फर्म श्रीनिवास सोमप्रकाश चूरू से घी का एक नमूना लिया गया है। सभी व्यापारियों को शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के लिए पाबंद किया गया है। तीनों नामों को प्रयोगशाला जयपुर में जांच के लिए भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

■ 'शुद्ध के लिये युद्ध' अभियान

# बंदरों से परेशान ग्रामीणों ने सरपंच को ज्ञापन दिया

**खिरोड़,** (निसं)। कस्बे में हाल ही में करीब 20 दिनों पूर्व आए बंदरों ने लोगों को परेशान कर रखा है। कस्बे के एक दर्जन भर लोगों से भी अधिक लोगों को काट डाला है। इन तीन चार बंदरों में से एक बंदरिया काफी बदमाश है। जो स्कूल आते-जाते बच्चों को एवं घरों में भी घुसकर बच्चों को काट लेती है।

मंगलवार सुबह दो लड़कियां रास्ते से जा रही थी। उनके हाथ से बैग छीन कर भाग गई। सुबह खिरोड़ कस्बे में स्थित भारूका राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने आने वाली एक मैडम का चश्मा भी उतार कर ले गई। ये बंदर आए दिन बाजार में व्यापारियों को भी परेशान करते रहते हैं। व्यापारियों का सामान उठाकर ले जाने से व्यापारी बंदरों से काफी परेशान है। ग्रामीणों ने मंगलवार को ग्राम पंचायत सरपंच महावीर प्रसाद भामू को प्रार्थना पत्र देकर इन बदमाश बंदरों से निजात दिलवाने की मांग की। जिस पर सरपंच महावीर प्रसाद भामू ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए बताया कि शीघ्र ही प्रशासन को सूचना देकर समस्या का समाधान शीघ्र ही करवा दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि ऐसा ही वाकया करीब 10 वर्ष पहले भी खिरोड़ कस्बे में हुआ था। जिसमें बंदरों ने काफी लोगों को काटकर घायल कर दिया था। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को अवगत करवाए जाने के बाद बंदरों की को पकड़ने के लिए टीम आकर बंदरों को पकड कर ले गई थी। तब जाकर लोगों को निजात मिल पाई थी।

■ एक बंदरिया स्कूल आते-जाते एवं घरों में घुसकर बच्चों को काट लेती है

# 64 परिवारों को राशन सामग्री वितरित



श्री बिहारी लाल जैन चैरिटेबल ट्रस्ट बैंगलोर की ओर से अक्टूबर माह की राशन वितरण करती राजगढ़ तेरापंथ महिला मंडल की पदाधिकारी।

**सादुलपुर,** (निसं)। श्री बिहारी लाल जैन चैरिटेबल ट्रस्ट बैंगलोर की ओर से अक्टूबर माह की राशन वितरण का कार्य सोमवार तथा मंगलवार को संपन्न किया गया। राजगढ सादुलपुर में ट्रस्ट संचालक बैंगलोर प्रवासी अग्रणी समाजसेवी मुरारी लाल सरावगी की भावना के अनुसार प्रतिमाह 64 परिवारों को राशन सामग्री प्रदान की जाती है। इस बार यह पुनीत कार्य राजगढ तेरापंथ महिला मंडल की पदाधिकारियों व सदस्याओं ने किया।

मंडल की अध्यक्ष सरोज जैन उपाध्यक्ष, सुमन जैन, मंत्री सुमन मुसरफ, उप मंत्री मधु बैद व कोषाध्यक्ष संजू सुराणा आदि ने इस बार श्रमदान भी किया। महिलाओं ने ही राशन के पैकेट तैयार करवाएं और उसके बाद उन्ही के द्वारा वितरण कार्य भी संपन्न किया गया। ट्रस्ट के राशन वितरण कार्य के प्रभारी श्याम जैन ने बताया कि इस बार दीपावली पर्व पर दीपावली से एक दिन पहले मिठाई वितरण भी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट की ओर से यहां अभावग्रस्त परिवारों को राशन सामग्री प्रदान किए जाने के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी नियमित चलती है। उनमें जरूरतमंद विद्यार्थियों की फीस, गरीब कन्याओं के विवाह तथा गौशालाओं में चारे आदि के लिए लाखों रुपए का प्रतिमाह की सहायता शामिल है।

# मोहता महाविद्यालय में 19वीं अन्तर महाविद्यालय क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता सम्पन्न





मोहता महाविद्यालय में 19वीं अन्तर महाविद्यालय क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथिगण।

**सादुलपुर,** (निसं)। स्थानीय मोहता पी.जी. कॉलेज में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की 19वीं अन्तर महाविद्यालय क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता (महिला एवं पुरूष) का आयोजन मंगलवार को प्रातः 7.15 बजे मोहता कॉलेज के पास स्थित मोहता उत्सव वाटिका के सामने से शुभारंभ किया गया।

मोहता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.एस. राठौड ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ सीआई राजगढ कृष्ण कुमार बलौदा, अन्तरराष्ट्रीय कोच जसवंत पूनियां व राजवीर सिंह ने धावकों को दौड के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव अरविन्द गौड ने बताया कि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर से संबन्धित चार जिलों चूरू श्रीगंगानगर, हनुमानगढ व बीकानेर से 75 से अधिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजन सहसचिव मनोज ढाका ने बताया कि विश्वविद्यालय के नियमानुसार क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष दोनों वर्गो के लिए 10 किमी. की दौड निर्धारित की गई। इस आयोजन के मीडिया प्रभारी डॉ. सी.डी. चारण ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में युक्ता बिंदल कॉलेज सादुलपुर के धावक रोहताश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व मोहता महाविद्यालय के उदयमान धावक राजकुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा माँ सरस्वती कॉलेज के जैतसर के धावक सुनील कुमार ने तृतिय स्थान अर्जित किया।

डॉ. चारण ने बताया कि महिला वर्ग में श्रीराम कॉलेज छात्रा रिंकू ने प्रथम स्थान, राजकीय एन.एम.कॉलेज हनुमानगढ की छात्रा ममता ने द्वितीय स्थान तथा टगौर पी.जी. कॉलेज सुरतगढ की धावक समस्ता ने तृतीय स्थान अर्जित किया। वहीं प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक जसवंत पूनियां तथा नेमीचन्द शर्मा ने प्रतियोगिता के परिणाम के आधार पर विश्वविद्यालय की पुरूष व महिला वर्ग की टीमों का चयन कर उनकी सूची वि.वि. को प्रेषित की तथा उक्त चयनित टीमें राष्ट्रीय स्तर पर अन्तर विश्वविद्यालय की प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगी। दौड के पश्चात मोहता महाविद्यालय के परिसर में भव्य समापन समारोह कृष्ण कुमार बलौदा सीआई राजगढ के मुख्य आतिथ्य में व प्राचार्य डॉ. पी.एस. राठौड की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक द्वारा विजेता खिलाडियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रमाण-पत्र दिये गये। समापन समारोह के अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. गजेन्द्र सिंह शेखावत, प्रो. सुनील सहारण, प्रमोद गर्ग, पवन शर्मा, डॉ. सन्जू शर्मा, डॉ. सत्येन्द्र शर्मा, नरेश मील, प्रो. ताहिर, सतपाल डूडी, नवीन पचार व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक पूनियां सहित पदाधिकारी तथा अन्य संकाय सदस्यगण की सहभागिता रही।

■ 75 से अधिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया

## विहिप धर्म प्रसार की बैठक

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा शहर की कोर्ट रोड स्थित शीतला माता मंदिर में विश्व हिंदू परिषद के धर्मप्रसार प्रकोष्ठ की बैठक बाबा बुद्धनाथ के सान्निध्य में हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला धर्मप्रसार प्रमुख सुभाष व्यास ने की। मुख्य अतिथि प्रान्त धर्मप्रसार व सत्संग प्रमुख सीएम भार्गव थे। इस दौरान भार्गव ने कहा कि विश्व के अनेक सभ्यताएं जो राजसत्ता पर निर्भर थी, उनकी संस्कृति काल प्रवाह मे नष्ट हो गई। लेकिन हमारी संस्कृति धर्म पर आधारित होने के कारण आज भी अस्तित्व में हैं।

जिला धर्मप्रसार प्रमुख व्यास ने सत्संग करने की पद्धित का अभ्यास करवाते हुए जिले में विहिप धर्मप्रसार प्रकोष्ठ की ओर से प्रारम्भ किये जाने वाले सत्संग व सेवा कार्यों की कार्ययोजना प्रस्तुत की। बैठक में किशोरीलाल, अशोक नायक, नगर धर्म प्रसार प्रमुख सुभाष शर्मा,पवन गुसाईं, अशोक सैनी, सुण्डाराम प्रजापत, भीमसिंह सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाज जोड़ो यात्रा निकालेगा तंवरावाटी राजपूत समाज



सामाजिक समरसता और एकता बनाए रखने तथा समाज जोड़ो यात्रा निकालने के लिये तंवरावाटी राजपूत समाज की बैठक हुई।

**पाटन,** (निसं)। क्षेत्र के राजपूत समाज में सामाजिक समरसता और एकता बनाए रखने के लिए तंवरावाटी राजपूत समाज द्वारा समाज जोड़ो यात्रा निकाली जायेगी।

तंवरावाटी राजपूत समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. शिवराज सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिलो में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार समाज के लोगों के बीच श्रेष्ठ सामाजिक समरसता बनाये रखने और सभी समाज बंधुओं को एक ही जाजम पर रहने का संदेश देते हुए समाज जोडो यात्रा का आयोजन कर पूरे तंवरावाटी क्षेत्र में समाज के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। यात्रा का कार्यक्रम जल्द ही जारी किया जाएगा।